पंजाब केसरी 18/02/2026

जी.एम.एन. कॉलेज में 'केंद्रीय बजट 2026-27' पर हुई समूहचर्चा प्रतियोगिता

अम्बाला, 17 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग, कॉमर्स विभाग तथा यंग स्पीकर्स क्लब के सहयोग से 'केंद्रीय बजट 2026-27 : क्या है इसमें' विषय पर एक प्रभावशाली समूहचर्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वित्तीय नीति, बजटीय प्रावधानों तथा देश की व्यापक आर्थिक दिशा के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उनमें विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण का संवर्धन करना था।

प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने केंद्रीय बजट 2026-27 में वर्णित पूंजीगत व्यय, कर सुधार, एम.एस.एम.ई. प्रोत्साहन, रोजगार सृजन योजनाएं, ग्रामीण विकास तथा राजकोषीय घाटे के लक्ष्यों पर तथ्यात्मक एवं तर्कसंगत विचार प्रस्तुत किए। चर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने बजट के आर्थिक विकास, सामाजिक कल्याण एवं राजकोषीय संतुलन पर संभावित प्रभावों का गंभीर एवं संतुलित विश्लेषण किया।

प्रतियोगिता के निर्णायकों ने प्रस्तुतिकरण शैली, विषयवस्तु की गहराई तथा विश्लेषणात्मक क्षमता के आधार पर परिणाम घोषित किए। प्रतियोगिता में एम.कॉम के छात्र गौरव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.बी.ए. की छात्रा मानसी ने द्वितीय स्थान अर्जित किया, जबकि तृतीय स्थान संयुक्त रूप से बी.बी.ए. की पलक तथा बी.ए. की दशमीत को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का समन्वयन अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष गीति बिंद्रा, कॉमर्स विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुशील, जस्मिता हांडा तथा यंग स्पीकर्स क्लब की संयोजिका मेहक तलवार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों को समसामयिक राष्ट्रीय मुद्दों से जोड़ते हैं और उनमें नीतिगत विषयों पर गंभीर चिंतन की प्रवृत्ति विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को देश की आर्थिक नीतियों एवं प्रशासनिक निर्णयों के प्रति सजग एवं जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया तथा आयोजन की सफलता पर विभाग को बधाई दी।

अपने समापन संबोधन में कॉमर्स विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता एवं विषय की गहन समझ की सराहना करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट केवल आय-व्यय का विवरण नहीं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक दिशा और विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक वातावरण में हुआ, जिसने विद्यार्थियों में राष्ट्रीय आर्थिक परिदृश्य के प्रति गहन रुचि और समझ को और सुदृढ़ किया।

जी.एम.एन. कॉलेज में 'केंद्रीय बजट 2026-27' पर आयोजित समूहचर्चा प्रतियोगिता को संबोधित करते विशेषज्ञ। (चंद्रमोहन)